हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

विश्व में पर्यावरण संरक्षण प्रयासों में समर्थन के लिए आज पृथ्वी दिवस मनाया जा रहा है। 1969 में यूनेस्को शिखर सम्मेलन में सुझाव के बाद पहली बार 1970 में पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का विषय है- "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" ।पृथ्वी दिवस का उद्देश्य पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और धरती की रक्षा के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना है। यह लोगों को जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और स्थिरता के बारे में जागरूक करता है और स्वच्छता तथा पौधरोपण जैसे सामुदायिक प्रयासों को संगठित करता है।

************************************************************
**********

गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर-पूसा में 'पृथ्वी बचाओ सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन को कम करने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए बांस की क्षमता का पता लगाना है।इस सम्मेलन में देश भर से करीब 12 सौ प्रतिनिधियों के शामिल होने की आशा है।

************************************************************
***********

केंद्र सरकार ने ईसाइयों के सर्वोच्च पादरी पोप फ्रांसिस के सम्मान में तीन दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पोप फ्रांसिस का कल निधन हो गया। दो दिन का राजकीय शोक आज और कल रहेगा जबकि अंतिम संस्कार के दिन भी राजकीय शोक होगा। देश भर में राजकीय शोक के दौरान सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

**************************************************************
********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंचकूला जिले के गांव सुखदर्शनपुर में श्री माधव गौशाला में श्री राधा कृष्ण मंदिर का लोकार्पण किया व पूजा अर्चना की और पौधारोपण कर गौ सेवा की इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने कोष से 21 लाख रुपये तथा शिक्षा मंत्री महीपाल □ांडा और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी 11 - 11 लाख रुपये माधव गौशाला को देने की घोषणा की।

इस अवसर पर अपने संबोधन में  मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा-

मुख्यमंत्री ने कहा कि माधव गौशाला को गायों के संरक्षण एवं रखरखाव के लिए वर्ष 2022 से  लेकर 2024-25 तक  लगभग 47 लाख  रुपये की अनुदान सहायता दी गई  है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। इस वर्ष गौशालाओं का बजट 595 करोड़ रुपये किया गया है सम्बोधन के दौरान श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई आगजनी की घटनाओं से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। उन्होंने बताया कि अभी तक लगभग 801 एकड़ में फसल को नुकसान होने की जानकारी मिली है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इन घटनाओं की रिपोर्ट ले और नुकसान का आकलन करें। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर किसानों को पशुधन की हानि या कोई अन्य नुकसान भी हुआ है, उसकी भरपाई भी सरकार करेगी।

**************************************************************
***********

अभी अभी जानकारी मिली है कि साइक्लोथॉन  कैथल जिले के गांव पबनावा से कैथल जिले में प्रवेश कर गई है। जिले से हजारों की संख्या में लोग विशेषकर युवा पूरे जोश और उत्साह के साथ साइकिल यात्रा में शामिल हुए। पूंडरी से भाजपा

विधायक सतपाल जांबा और गांव वासियों ने गांव पबनावा में यात्रा का स्वागत किया।

*****************************************************************************

हरियाणा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ निकाली जा रही साइक्लोथॉन को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आज कुरुक्षेत्र जिले के गांव पिंडारसी से कैथल जिले के लिए रवाना किया।इस अवसर पर श्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए हर व्यक्ति को बिना डर के आगे आना होगा और जो भी व्यक्ति नशा बेचने वालों में शामिल हैं, उनकी जानकारी पुलिस को देनी होगी। इस दौरान युवाओं ने नशा न करने और दूसरों को नशा न करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कल साइक्लोथॉन ने अंबाला से कुरुक्षेत्र जिले में शाहबाद विधानसभा के गांव खानपुर जाटान से प्रवेश किया था।

*****************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना, सिंधु दर्शन यात्रा और कैलाश मानसरोवर यात्रा का विस्तार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि नागरिकों के लिए तीर्थयात्रा के अवसरों में बढ़ोतरी हो सके।उन्होंने पर्यटन विभाग को हरियाणा के सभी पांच होटल प्रबंधन संस्थानों में बेहतर छात्र प्रवेश व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ में हरियाणा विरासत एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे ।मुख्यमंत्री ने बताया कि डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, हरियाणा पर्यटन निगम अपने 42 पर्यटन परिसरों में बैंक्वेट हॉल, समिति कक्ष और सम्मेलन हॉल के लिए बुकिंग प्रणाली को डिजिटल करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में शुरू की गई डिजिटल बुकिंग पहलों और मेक माई ट्रिप और बुकिंग जिनी जैसे ऑनलाइन ट्रैवल एजेंटों के साथ सहयोग की भी समीक्षा की गई है।श्री

नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार हरियाणा में पर्यटन को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई विशेष पहल शुरू की गई हैं, जिनमें होम स्टे योजना का क्रियान्वयन, फार्म टूरिज्म को बढ़ावा, साहसिक खेल गतिविधियां  और डेस्टिनेशन वेडिंग जैसी योजनाएं शामिल हैं।उन्होंने कहा कि पिंजौर स्थित यादवेंद्र गार्डन में डेस्टिनेशन वेडिंग की सफलता को देखते हुए अब इस योजना का विस्तार फरीदाबाद स्थित राजा नाहर सिंह पैलेस के लिए भी करने का प्रस्ताव रखा गया है।